सार-समाचार

नवरात्रि के पहले दिन मंदिरों में भीड़ उमड़ी

खेतड़ी, (निसं)। खेतड़ी कस्बे में चैत्रनवरात्रिके अवसर पर लोगों ने सवेरे शुभ मुहुर्त में घरों में घट स्थापना की। लोगों ने मां शक्ति की विशेष आराधना कर सुख समृद्धी की कामना की। इसके साथ ही सवेरे से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड रही। प्रमुख देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने दर्शन कर मन्नतें मांगी। अब नौ दिन तक घरों और मंदिरों में प्रतिदिन मां के विभिन्न रुपों की पूजा होगी। पपुरना स्थित मनसा माता मंदिर, भोपालगढ़ सती माता मंदिर, महाराणा माता मंदिर सहित अन्य मंदिरों में श्रृद्धालुओं की ओर से पुजा अर्चना की जा रही है।नवरात्रिके नौ दिनों में मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों के पूजा के साथ उन्हें 9 दिनों तक विशेष चीजों का भोग लगा सकते हैं। मान्यता है कि ऐसा करने से मां दुर्गा प्रसन्न होती है और धन, सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देती है। पंडित चेतन प्रकाश शर्मा का कहना है कि मान्यता है किनवरात्रिपर देवी दुर्गा पृथ्वी पर आती हैं। यहां वे नौ दिनों तक वास करते हुए भक्तों की साधना से प्रसन्न होकर आशीर्वाद देती हैं।नवरात्रिपर देवी दुर्गा की साधना और पूजा-पाठ करने से आम दिनों के मुकाबले पूजा का कई गुना ज्यादा फल की प्राप्ति होती है। भगवान राम ने भी युद्ध में विजय के लिए देवी की साधना की थी। नवरात्रि की धूम चारों ओर देखने को मिल रही है। कस्बे के मुख्य बाजार स्थित वराही देवी मंदिर व पपूरना के ऐतिहासिक मनसा माता मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया है।

स्काउट गाइड जांच शिविर आयोजित

सीकर (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड जिला मुख्यालय सीकर के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय संघ पलसाना के भव्य एनक्लेव बालाजी मंदिर गार्डन राष्ट्रीय राजमार्ग 52 में चल रहे जिला स्तरीय चतुर्थ चरण हिंरक पंख, गोल्डन एरों एवं निपुण रोवर रेंजर जांच शिविर में विभिन्न विषयों पर जांच की गई। स्थानीय संघ पलसाना सचिव व शिविर संचालक पवन कुमार शर्मा ने बताया कि शिविर में फालतू पशु एवं पक्षियों की जानकारी तथा रात्रि पैक शिविर बोलाइन राउंड ट्रन टू हाफ हिचेज फ्री बिग मी पैक मीटिंग बागवानी आदि की जानकारी दी गई एवं संबंधित विषयों की मौके पर ही दक्ष प्रशिक्षकों के द्वारा जांच की गई। इससे पूर्व रात्रि में शिविर ज्वाल कैंप फायर का शुभारंभ वयोवृद्ध वासुकी नाथ अग्रवाल व अमित कुमार अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में आयोजन किया गया। विचित्र वेशभूषा में बच्चों ने विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक प्रोग्राम में एक से एक बढ़कर प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरी गई। शिविरार्थियों के द्वारा कल राजस्थान दिवस पर जन चेतना रैली, स्वच्छता कार्यक्रम, निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सचिव पवन कुमार शर्मा, स्काउटर रिछपाल सिंह खोखर, राजेंद्र कुमार सैनी, गाइडर कविता शर्मा, रेंजर लीडर महिमा शर्मा, एडीटर राघव शर्मा, बंजरग लाल नेहरा मौजूद रहे।

प्रतिभा सम्मान समारोह मनाया

तारानगर (निसं)। सनराईज वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष पूरणमल चौधरी की अध्यक्षता में तारानगर की जयपुर पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह है बड़ी धूमधाम से मनाया गया। थानाधिकारी गौरव खिडिया कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रहे। अतिथियों ने माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य धर्मपाल खोथ ने अतिथियों का साफा, माला व मोमेंटो से स्वागत किया एवं अतिथियों व अभिभाकों का आभार व्यक्त किया। इस मोके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के नन्हे नन्हें बच्चों ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियाँ दी। शिक्षा व खेलकूद में उत्कृष्ट रहने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूरण चौधरी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अभिभावकों से कहा वे अपने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिदिन एक घंटे का समय दें। चौधरी ने स्टाफ को उनकी निष्ठा एवं समर्पण के लिए धन्यवाद दिया। इस मोके पर नगर पालिका चेयरमेन प्रियंका बानो, इमिलाल प्रजापत, ओपी अग्रवाल, पवन प्रजापत, डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा सहित विद्यालय स्टाफ, अभिभावकगण व बच्चे उपस्थित रहे।

अग्रवाल समाज समिति की सभा आयोजित

झुंझुनूं, (निसं)। अग्रवाल समाज समिति की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन रविवार को कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. दिलीप मोदी की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें सचिव शिवचरण हलवाई ने पिछली साधारण सभा की कार्यवाही पढकर सुनाई और उपस्थित सदस्यों ने उसका अनुमोदन किया। इसके बाद कोषाध्यक्ष राजेश केजड़ीवाल ने वर्तमान कार्यकारिणी के पूरे कार्यकाल का आय व्यय का ब्यौरा रखा। जिसका भी अनुमोदन किया गया। साधारण सभा में कई मुद्दों पर चर्चा हुई। लेकिन किसी पर भी निर्णय नहीं हो पाया। वहीं बैठक में एक समाजजन द्वारा की गई असंसदीय टिप्पणी के बाद इसका समाज के लोगों ने विरोध किया और सभा को स्थगित कर दिया गया। सचिव शिवचरण हलवाई ने बताया कि सभा स्थगित हो जाने के कारण चुनाव की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई। इसलिए अब 20 अप्रेल को शाम छह बजे आगामी कार्यकारिणी के लिए चुनाव होंगे।

इदुल फितर का त्यौहार आज

झुंझुनूं, (निसं)। सोमवार को ईदुल फितर का त्यौहार मनाया जाएगा। ईदगाह में विशेष नमाज अदा की जाएगी। ईदगाह कमेटी द्वारा नमाज अदा करने वाले मुसलमानों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। रविवार को ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष खादिम खोखर समेत अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अध्यक्ष खोखर ने बताया कि ईदगाह कमेटी की ओर से सभी व्यवस्था कर ली गई है। इस बार मदरसा बोर्ड के चेयरमैन एमडी चोपदार व उनके परिवार द्वारा ईदगाह में 70 लाख रूपए का कार्य करवाया गया है। जिसके बाद नमाज अदा करने वालों को कोई भी परेशानी नहीं होगी। उन्होंने बताया कि सुबह आठ बजे शहर काजी सफीउल्लाह खान नमाज अदा करवाएंगे। इससे पहले सात बजे बाहर से आमंत्रित मौलाना द्वारा बयान होंगे।

धाणका समाज की बैठक आयोजित

पाटन (निसं)। स्यालोदडा ग्राम पंचायत में अखिल भारतीय आदिवासी समाज सीकर की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता हजारी लाल देहरान ने की। इस अवसर पर समाज के सदस्यों ने विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में खासतौर पर हिंदू नववर्ष स्नेह मिलन समारोह के आयोजन पर विचार-विमर्श हुआ। साथ ही समाज में फैली विभिन्न कुरीतियों पर प्रतिबंध लगाने की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई। समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने इन कुरीतियों के खिलाफ मिलकर काम करने की आवश्यकता को महसूस किया।बैठक में कोषाध्यक्ष दाताराम, संरक्षक मदनलाल, सचिव राजेन्द्र, गुलाब सिंह, रिकू, सतपाल, रामसिंह, हवासिंह, दीपक, संदीप, बलबीर, अमर सिंह (मंत्री), अजय कुमार, संजय, हरिसिंह, ज्ञानीराम, धर्मेंद्र कुमार, भूपसिंह, महेन्द्र सिंह, मोहर सिंह, अजय कुमार, चीकू सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

गणगौर पर्व मनाया

चूरू (निसं)। विप्र महिला मंडल की ओर से रविवार को चमत्कारेश्वर लक्ष्मी नारायण मंदिर में गणगौर पर्व, राजस्थान दिवस व नव संवत्सर पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में महिलाएं राजस्थानी पारंपरिक वेशभूषा पहनकर गणगौर का पूजन किया और गणगौर के मंगल गीत गाए। इस दौरान नीम की हरी पत्ती और तिलक कलावा बांधकर सभी को शुभकामनाएं दी तथा नव वर्ष में अंचल में सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर महिला मंडल अध्यक्ष विजय लक्ष्मी पारीक, कोषाध्यक्ष सरला शर्मा, विनीता, सुषमा, मंजू, उषा दयाल, आनंदबाला, उषा चोटिया, अचला शर्मा, दीपिका, अर्चना मिश्रा, सरस्वती लाटा, शशी शर्मा, चंदा बंसिया सहित विप्र महिला मंडल की अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

नव संवत्सर पर शुभकामनाएं दी

झुंझुनूं, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय झुंझुनूं द्वारा नववर्ष प्रतिपदा हर्षोल्लास रोडवेज डिपो के पास मनाया गया। इस कार्यक्रम में सभी आगंतुकों का तिलक लगाकर एवं प्रसाद वितरण कर स्वागत किया गया एवं नववर्ष की शुभकामनाएं दी गई। पूरे देश मे सुख शांति की कामना की। भारतीय नववर्ष की पूर्व संध्या पर झुंझुनूं कलेक्ट्रेट के सामने कार्यकर्ताओं द्वारा रंगोली और दीप प्रज्ज्वलन किया गया।

गणगौर की शाही सवारी आज निकलेगी

बडागांव, (निसं)। कस्बे में गणगौर के पर्व पर सोमवार को शाही सवारी निकलेगी। महिपाल सिंह फौजी ने बताया कि दोपहर साढे तीन बजे गणगौर की शाही सवारी शुरु होकर वापस रवानगी स्थल पर पंहुचेगी।

शारीरिक विकास के लिए खेल अत्यधिक जरूरी : सहारण

चूरू (निसं)। राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष में रविवार को जिला मुख्यालय पर रन फॉर फिट राजस्थान आयोजित की गई।

विधायक हरलाल सहारण व एसडीएम बिजेन्द्र सिंह ने जिला खेल स्टेडियम से रन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रन जिला खेल स्टेडियम से रवाना होकर नेचर पार्क पहुंची। इस मौके पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि सम्पूर्ण शारीरिक विकास के लिए खेल अत्यधिक जरूरी है।

खेल और शारीरिक गतिविधियों से ही हम फिट इंडिया व फिट राजस्थान की थीम को साकार कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास किए हैं। खेलो इंडिया जैसे कार्यक्रमों से खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण व सुविधाएं मिल रही हैं।

प्रदेश सरकार द्वारा राजस्थान दिवस को उत्सव के रूप में मनाने के लिए रन फॉर फिट राजस्थान का आयोजन एक सराहनीय पहल है। हमें अपने को नियमित रूप से खेल गतिविधियों से जोडकर फिट इंडिया-फिट राजस्थान की थीम को साकार करना है।

राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष में जिला मुख्यालय पर रन फॉर फिट राजस्थान आयोजित की गई।

इस दौरान जिला खेल अधिकारी सीताराम प्रजापत, डॉ. सुनील मेहरा, डॉ. विष्वजीत, प्रवर्तन निरीक्षक संपत कुमार, अभिषेक चोटिया, सुरेश सारस्वत, दीनदयाल सैनी, गोपाल बालाण, सुनील ढाका, हरीश, रामस्वरूप फगेडिया, ओमप्रकाश फगेड़िया, सुरेंद्र प्रजापत, राजेश ओझा, मनीष राठौड़, सुनील रक्षक, संदीप मील, नानूराम सैनी सहित अनेक लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिशुपाल बुडानिया ने किया।

रोजगार मेले का पोस्टर विमोचन

पाटन (निसं)। राजस्थान युवा कांग्रेस द्वारा आगामी 2 अप्रैल 2025 को जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, झालाना डूंगरी में आयोजित "भव्य रोजगार मेले" के पोस्टर का विमोचन आज नीमकाथाना विधानसभा में ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में किया गया। यह मेला बेरोजगारों को नए रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।इस कार्यक्रम में नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनीता गठाला, कांग्रेस प्रभारी सुरेन्द्र बेनीवाल, पीसीसी सदस्य कांताप्रसाद शर्मा, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष दीपेन्द्र दीवाच ने सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर रोजगार मेले के पोस्टर का विमोचन किया। विधायक सुरेश मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि, प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी की विकट परिस्थितियों में राजस्थान युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित यह रोजगार मेला बेरोजगारों को नए अवसर प्रदान करेगा। मैं नीमकाथाना क्षेत्र के युवाओं से अपील करता हूं कि वे इस रोजगार मेले में भाग लें।

'चूरू में जल्द मिलेगी न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी, यूरोलॉजी व गैस्ट्रोएंटरोलॉजी चिकित्सकों की सेवायें'

चूरू (निसं)। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन चूरू व नारायणा हॉस्पिटल जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार शाम को होटल ग्रांड शेखावाटी में जिले के चिकित्सकों की एक बैठक का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मेडिकल कॉलेज चूरू के प्राचार्य डॉ. महेश मोहन पुकार ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रतापगढ़ की मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रामकन्या सोनी, राजकीय भरतिया अस्पताल के नवनियुक्त अधीक्षक डॉ. दीपक चौधरी व निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. बी.एल. नायक थे। प्राचार्य डॉ. पुकार ने बताया कि चूरू मेडिकल कॉलेज में न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी, यूरोलॉजी और गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के विभाग स्वीकृत हो चुके हैं, इन सभी सुपर स्पेशलिटी की सेवाएं जल्द मेडिकल कॉलेज में मिलने लगेगी, इसके साथ ही भविष्य में कार्डियोलॉजी की कैथ लैब की स्थापना का मार्ग भी प्रशस्त हो चुका है।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में डीबी अस्पताल चिकित्सक मरीजों को सर्वश्रेष्ठ सेवाएं दे रहे हैं, जिसके कारण रेफरल कैश में कमी आई है। प्रतापगढ़ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रामकन्या सोनी ने चिकित्सकों के मेडिको लीगल विषय पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर नारायणा हॉस्पिटल जयपुर के न्यूरोसर्जन डॉ. नितिन भाकल ने एंडोस्कोपिक, न्यूरोसर्जरी व पल्मनोलॉजिस्ट डॉ. शुभम शर्मा ने फेफड़ों से संबंधित गंभीर मरीजों के उपचार के संबंधित जानकारी दी। इस दौरान वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एम.एल. श्यामसुखा, डॉ. बी.के.चौधरी, डॉ. मुमताज, डॉ. गोगाराम दानोदिया, डॉ. एफ.एच.गौरी, डॉ. सुशीला नेहरा, डॉ. शंकर सिंह गौड, डॉ. प्रमोद अग्रवाल, डॉ. जे.पी. माहीच, डॉ. रेणू अग्रवाल, डॉ. शशिधर, डॉ. बजरंग शर्मा, डॉ. सुरेन्द्र भड़िया, डॉ. आकांक्षा कस्वाँ, डॉ. सुमन भड़िया, डॉ. विकास देवड़ा, डॉ. संदीप कुल्हरी, डॉ. प्रदीप कस्वां, डॉ. आनंद प्रकाश, डॉ. जितेन्द्र, डॉ. विजेन्द्र गहनोलिया, डॉ. आशीष, प्राइवेट डॉक्टर्स एसोसिएशन चूरू के अध्यक्ष डॉ. संदीप अग्रवाल, डॉ. सीताराम गोदारा, डॉ. पवन गोयल, डॉ. ऋषभ चौधरी, डॉ. गरिमा चौधरी, डॉ. सारिका अग्रवाल, डॉ. वर्षा देवड़ा, डॉ. नवीन गौड, डॉ. रामनिवास ढूकिया, डॉ. दीपक सिंह, डॉ. सुदर्शन आर्य, डॉ. अभिषेक आर्य, डॉ. मोनिका आर्य, डॉ. ऊषा कस्वां सहित अनेक चिकित्सक मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन आईएमए सचिव डॉ. अरुण वर्मा ने किया। इस अवसर पर चिकित्सकों ने नवनियुक्त प्राचार्य व मेडिकल अधीक्षक, प्रतापगढ़ की मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट व नारायणा हॉस्पिटल के चिकित्सकों का माल्यार्पण कर व साफा पहनाकर स्वागत किया।

आईएमए अध्यक्ष डॉ. राहुल कस्वाँ, कोषाध्यक्ष डॉ. साजिद चौहान ने नव आगंतुक सदस्य डॉ. राजेन्द्र रॉयल, डॉ. प्रशान्त, डॉ. मोहिता गौड़ व डॉ. हेमाश्री माहिच का प्रतिक-चिन्ह प्रदान कर व गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान पीजीआई मेडिकल कॉलेज रोहतक के फिजियोलॉजी प्रोफेसर, जो कि मेडिकल कॉलेज में रेडियोलॉजी विभाग में आये डॉ. सतपाल का भी स्वागत किया।

कांग्रेस संगठन की मजबूती के लिए सुरेन्द्र बनेवील का नीमकाथाना दौरा

पाटन (निसं)। नीमकाथाना के शाहपुरा रोड स्थित ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस पार्टी के नीमकाथाना प्रभारी सुरेन्द्र बनेवील और जिलाध्यक्ष सुनिता गठाला का स्वागत विधायक सुरेश मोदी द्वारा किया गया।

उन्हें साफा और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके बाद ब्लॉक अध्यक्षों, सरपंचों, पंचायत समिति सदस्यों, पार्षदों, कार्यकारिणी सदस्यगण, मण्डल अध्यक्षों और सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी उनका स्वागत किया।विधायक सुरेश मोदी ने कहा कि, नीमकाथाना कांग्रेस के कार्यकर्ता बेहद मजबूत हैं और हमेशा पार्टी के लिए तत्पर रहते हैं। यही कारण है कि यहां से कांग्रेस पार्टी की जीत सुनिश्चित होती है। वर्तमान सांसद की जीत में भी नीमकाथाना कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका रही है। कांग्रेस हमेशा गरीब, किसान और मजदूरों की पार्टी रही है, और नीमकाथाना के कार्यकर्ता जब भी पार्टी का आदेश प्राप्त करते हैं, तो वो सक्रिय रूप से अपनी भूमिका निभाते हैं। मोदी ने आगे कहा कि, नीमकाथाना को जिला बनाने का प्रयास राजनीतिक द्वेष के चलते निरस्त कर दिया गया, हालांकि लगातार 28 दिसंबर से धरने, बाईक रैलियों, चक्का जाम और अन्य प्रदर्शन के बावजूद नीमकाथाना के लोग शांत नहीं हुए। अब 45 दिनों से ग्राम पंचायतों में भी धरना जारी है। यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा, जब तक नीमकाथाना को उचित स्थान नहीं मिलता।विधायक मोदी ने राहुल गांधी द्वारा चलाए गए संगठन को मजबूत करने के अभियान की भी सराहना की और कहा कि, कांग्रेस पार्टी तभी मजबूत होगी जब कार्यकर्ता सक्रिय होंगे।प्रभारी सुरेन्द्र बेनीवाल ने कहा कि, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के आ ान पर कांग्रेस पार्टी हर विधानसभा में संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस अभियान के तहत ब्लॉक, मण्डल, पंचायत और बूथ स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं को जोड़ा जाएगा, ताकि संगठन को और मजबूत किया जा सके।जिलाध्यक्ष सुनिता गठाला ने कहा कि, नीमकाथाना के कांग्रेस कार्यकर्ता बहुत मजबूत हैं और यहां के कार्यकर्ताओं की ताकत को देखते हुए यह निश्चित है कि संगठन को एक नई दिशा मिलेगी। नीमकाथाना जिला बनाने के लिए विधायक मोदी और उनकी टीम का योगदान अमूल्य रहा है।सभा को नीमकाथाना ब्लॉक अध्यक्ष मदनलाल सैनी, पाटन ब्लॉक अध्यक्ष मालाराम वर्मा, पूर्व प्रधान कांता प्रसाद शर्मा, राजेन्द्र महराणिया, कुशाल कंवर, राजपाल डोई, प्रहलाद महराणियां, कृष्ण यादव, बलदेव यादव, राधेश्याम शर्मा, और सुनिता सैनी ने संबोधित किया।इस मौके पर नीमकाथाना और पाटन के कार्यकारिणी सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच, पार्षद और अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

बाबा भोमिया के मेले का आयोजन

खेतड़ी, (निसं) सिंघाना पंचायत समिति के भैसावता कलां में बाबा भोमिया जी के वार्षिक मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान कुश्ती दंगल का भी आयोजन हुआ। कुश्ती दंगल में पहलवानों ने दांव पेंच दिखाएं। बाबा की समाधी पर मत्था टेंककर श्रद्धालुओ ने धोक लगाकर मन्नते मांगी । महिलाओं ने बच्चों के जात जड़ूले उतारे। वहीं मंदिर में दोपहर से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया, जो दिन ढलने तक जारी रहा। ग्रामीणों ने बताया कि प्रतिवर्ष बाबा भोमिया जी के वार्षिक मेले का आयोजन होता है, जिसमें श्रद्धालु आकर मंदिर में बाबा के प्रतिमा के सामने माथा टेक खुशहाली की कामना करते हैं। बाबा के मंदिर में महिलाओं ने बच्चों के जात जड़ूले उतारे व श्रद्धालूओं ने बकरे चढ़ाकर बाबा के मशमक्शत हुए। बाबा वार्षिकोत्सव पर चितौसा, गोठ, ढाढोत, गाडाखेडा, पुहानिया, शाहपुर, जयमल का बास, मोई सद्दा, ढाणी हुकमा, माकडो, घरडाना खुर्द सहीत आसपास के गांवों के हजारों महिला व पुरुषों ने बाबा के मंदिर में आकर धोक लगाई।

मनसा देवी मंदिर में घट स्थापना

पाटन (निसं)। हसामपुर पहाडी पर स्थित मनसा माता के मंदिर में रविवार प्रातः काल पंचामृत अभिषेक के साथ बसंत नवरात्रि की शुरुआत हुई। सुबह सात बजे घट स्थापना की गई, जिससे मंदिर में भक्तों की उमडी भीड ने इसे विशेष रूप से पवित्र और मंगलमयी बना दिया। तंवरावाटी के इतिहास के अनुसार यह मंदिर दसवीं और ग्यारहवीं सदी का प्राचीन स्थल है, जहां देवी के तीन पिंडी रूपों में भक्तों को दर्शन होते हैं। इस मंदिर में बसंत और शारदीय नवरात्रि के दौरान प्रतिपदा से नवमी तक हजारों भक्तगण आकर माता के गठ जोडा जडूला की जात लगाते हैं और मनोकामनाएं पूरी होने की प्रार्थना करते हैं। नवरात्रि के अष्टमी को हवन और राम नवमीं को भंडारा का आयोजन किया जाता है, जो यहां के भक्तों के लिए बहुत ही पवित्र और श्रद्धेय समय होता है। मंदिर के महंत केशव भारद्वाज ने बताया कि देवी भागवत और विष्णु पुराण में मनसा देवी को नाग कन्या के रूप में वर्णित किया गया है। घट स्थापना के साथ सैकड़ों भक्तों ने माता रानी के दर्शन किए और नवविवाहित जोड़ों ने अपने सुखमय दांपत्य जीवन के लिए गठजोड़ की जात लगाई। इस खास अवसर पर नवजात शिशुओं का मुंडन भी कराया गया और माता रानी की चुनरी उडाकर परिवारों ने अपनी खुशहाली की कामना की।

समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर कर शिक्षा पर जोर दें : दहिया

■ जाट महासभा की जिला कार्यकारिणी की बैठक में जिला इकाई का गठन किया

चूरू (निसं)। राजस्थान जाट महासभा की जिला इकाई का गठन व कार्यकारिणी की बैठक रविवार को वीर तेजा सामुदायिक भवन में जाट महासभा के जिलाध्यक्ष रणवीर सिंह कस्वां की अध्यक्षता में हुई। बैठक में राजस्थान जाट महासभा के उपाध्यक्ष रामरतन सिहाग ने स्वागत भाषण देते हुए महासभा की रूपरेखा प्रस्तुत की।

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राधाकृष्ण दहिया ने कहा कि जाट जाति का इतिहास शानदार रहा है। हमारे पूर्वजों ने सभी वर्गों को साथ लेकर विदेशी आक्रांताओं से लड़ाईयां लड़ी और अंग्रेज हुकूमत के खिलाफ आजादी की लड़ाई में अपना सर्वस्व बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि समाज में व्याप्त बुराईयों को मिटाकर शिक्षा पर बल देने की आवश्यकता है।

इस अवसर पर पूर्व प्रधान तिलोकाराम कस्वां ने कहा कि हमें अपने समाज के साथ-साथ सर्व समाज के साथ भी समन्वय स्थापित करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। जाट महासभा के बीकानेर संभाग अध्यक्ष हरफूल सिंह भांभू ने बताया कि समाज के सभी लोगों को एक जाजम पर बैठकर सामाजिक समस्याओं का निराकरण करना चाहिए। जिलाध्यक्ष रणवीर सिंह कस्वां ने कहा कि लोक देवता वीर तेजाजी महाराज की मूर्ति को असामाजिक तत्वों द्वारा खंडन करना बहुत ही निंदनीय है। जाट महासभा कार्यकारिणी इस कार्य के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित करती है। जाट महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष रामरतन सिहाग ने कहा कि वर्तमान समय में भ्रमित युवा पीढ़ी को संस्कारित कर सामाजिक मूल्यों की रक्षा करने के कार्य करने की आवश्यकता है।

बैठक को तारानगर तहसील अध्यक्ष हरिसिंह बेनिवाल, विजयसिह नेहरा, भंवरलाल कस्वां, दलीप सरावग, दौलतराम सहारण ने संबोधित किया। बैठक में परामर्शदात्री समिति के गिरधारीलाल सिहाग, रामावतार भाम्बू, मुखराम सहारण व युवा जाट महासभा के जिलाध्यक्ष रणजीत कडवासरा ने भी अपने सुझाव दिए।

कार्यकारिणी के गठन में वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेन्द्र कालरी, उपाध्यक्ष राजेश तेतरवाल, उपाध्यक्ष गंगाराम कडवासरा, महासचिव रामलाल सहारण, कोषाध्यक्ष धर्मपाल सहारण, सचिव सहीराम पूनीया, संयुक्त सचिव शिशपाल धीनवाल व चूरू तहसील अध्यक्ष रामनिवास भाम्बू, रतनगढ़ तहसील अध्यक्ष शुभकरण नैण, सुजानगढ तहसील अध्यक्ष विकास दहिया, सरदार तहसील अध्यक्ष भागीरथ प्रसाद सहारण, तारानगर तहसील अध्यक्ष हरिसिंह बेनिवाल, राजगढ़ तहसील अध्यक्ष प्रमोद पूनिया सहित जिला कार्यकारिणी के कर्नल रामकुमार कस्वां, मुखराम सहारण, सत्यप्रकाश बेनिवाल, पेमाराम गेट, धर्मपाल कडवासरा, सुखदेव न्यौल, भगवानाराम जाखड़, प्रेमप्रकाश गोदारा, सुरेन्द्र कस्वां, रामनिवास पिलाणियां, शिवदानसिंह कस्वां, यशपाल रणवां, सुनील ढाका, सुरेश आर्य, ओम रणवां, धर्मेन्द्र भाम्बू सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य जन मौजूद थे।

सार-समाचार

जयंती पर रैली समारोह को लेकर उत्साह

बगड़, (निसं)। महात्मा ज्योतिबा फुले एवं बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती के अवसर पर 11 अप्रेल को एक विशाल फुले अंबेडकर वाहन रैली का आयोजन किया जाएगा। यह रैली सर्व समाज एवं माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं द्वारा आयोजित की जाएगी। जो सुबह 8 बजे से शुरू होगी। माली सैनी समाज संस्था के जिलाध्यक्ष महेंद्र शास्त्री ने माखर पंचायत के अशोक नगर का दौरा किया और इस दौरान रैली के पोस्टर का विमोचन किया। शास्त्री ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले और बाबा साहेब अंबेडकर ने 19वीं सदी में दलितों, निराश्रितों और महिलाओं की शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक योगदान दिया था। उनके योगदान को याद करने और उनके आदर्शों को साकार करने के लिए यह रैली आयोजित की जा रही है, जो उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर पूर्व वार्ड पंच राजेंद्रप्रसाद सैनी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शिवकरण सैनी, मक्खनलाल सैनी, नरेश सैनी, अभिषेक सैनी, विशाल सैनी, मनदीप सैनी, कर्ण सैनी, महेश सैनी, श्यामलाल सैनी, प्रभुदयाल सैनी, पूर्व पंच सुंदरलाल सैनी, वयोवृद्ध महावीरप्रसाद सैनी, मनोज सैनी, पवन सैनी, पिंटू सैनी, नागरमल सैनी सहित सैंकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे। रतनशहर में भी पोस्टर का विमोचन माली सैनी समाज संस्था झुंझुनूं की महिला विंग की जिलाध्यक्ष बबली सैनी के नेतृत्व में हुआ। इस दौरान पूर्व वार्ड पंच प्रताप राम सैनी, ओंकारमल सैनी, महेंद्र सैनी, विनोद सैनी, नितेश सैनी, गुड्डू शर्मा, सजनी देवी, वर्षा देवी, मीडिया प्रभारी नरेश बगड, कुरड़ाराम शर्मा सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। माखर ग्राम पंचायत के राजस्व ग्राम अशोक नगर और रतनशहर में रैली उत्सव को लेकर गांववासियों में जबरदस्त जोश और उत्साह देखा गया। ग्रामीणों ने रैली को सफल बनाने के लिए अपनी पूर्ण सहभागिता और समर्थन देने का वादा किया है।

नव संवत्सर पर देर रात तक जमा कवि सम्मेलन

झुंझुनूं, (निसं)। केशव आदर्श विद्या मंदिर में नव संवत्सर के मौके पर राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें भी राणा सांगा का मामला छाया रहा और कवियों ने राणा सांगा को लेकर एक से बढ़कर एक काव्य पाठ कर माहौल को राष्ट्रप्रेम से भर दिया। उत्तरप्रदेश के इटावा से आए कवि गौरव चौहान ने जब काव्य पाठ किया कि 'नहीं पता था राजनीति का तुम धंधा कर बैठोगे, नाम सुमन है मगर खुदी को दुर्गंधा कर बैठोगे, राणा सांगा सपने में भी सामने तेरे गरज गए, राम क़सम ए राम सुमन बिस्तर गंदा कर बैठोगे कविता सुनाई। तो पूरा पांडाल तालियों से गूंज उठा। नव वर्ष समारोह समिति की ओर से राणी सती मंदिर ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित इस 16वें राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में कवि सरदार प्रताप फोजदार आगरा, शंभु शिखर मधुबनी, बुद्धिप्रकाश दाधीच केकड़ी, गौरव चौहान इटावा, समीक्षा सिंह कासगंज व मणिका दुबे जबलपुर आदि ने काव्य पाठ किया। इस मौके पर बतौर अतिथि डीआईजी शरद चौधरी, विधायक राजेंद्र भांबू, पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, राणी सती मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी देवेंद्र झुंझुनूंवाला तथा विवेक रूइया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष इंजीनियर प्यारेलाल ढूकिया समेत बड़ी संख्या में शहरवासी मौजूद थे। अतिथियों का स्वागत समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह बड़ाऊ, सचिव राजकुमार मोरवाल तथा कोषाध्यक्ष मुकेश हलवाई आदि ने किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, बगड़ दादूद्वारा के महामंडलेश्वर अर्जुनदास महाराज, एएसपी देवेन्द्र सिंह, आरएसएस के विभाग प्रचारक मुकेश, पीडी पाटोदिया, सत्यदेव दड़िया, मनीराम मंडीवाल सहित बडी संख्या में आयोजन समिति के पदाधिकारी व शहरवासी मौजूद रहे।

निशानेबाजी प्रतियोगिता आज

चूरू (निसं)। निकटवर्ती गांव गोगटिया बघावतान के गढ में सोमवार को ठाकुर किशन सिंह स्मृति निशानेबाजी एयर राइफल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यहां आयोजक दिग्विजय सिंह गोगटिया ने बताया कि 31 मार्च को गणगौर महोत्सव के दौरान सवेरे 8 बजे से इस प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा। सभी खिलाड़ियों को एयर गन गढ़ में ही उपलब्ध करवाई जाएगी। इस प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा। दिग्विजय सिंह गोगटिया ने बताया कि इस प्रतियोगिता में हर उम्र के महिला एवं पुरुष भाग ले सकते हैं। इसके लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि दिग्विजय सिंह गोगटिया एक कवि और गीतकार भी हैं। इनके लिखे गीत राजस्थानी एवं हिंदी फिल्मों में लिए गए हैं। दूरदर्शन और आकाशवाणी में दर्जनों बार दिग्विजय सिंह गोगटिया अपनी प्रस्तुति दे चुके हैं। निशानेबाजी के साथ दिग्विजय सिंह गोगटिया घुड़सवारी और तलवारबाजी के अच्छे खिलाड़ी हैं।

सुरक्षा गार्ड व सुरक्षा सुपरवाईजर भर्ती आज

सीकर (निसं)। जिला रोजगार अधिकारी राकेश खर्रा ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय सीकर व भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में भारत सरकार के पसरा एकट 2005 के तहत ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार नवयुवकों को सुरक्षा गार्ड व सुरक्षा सुपरवाईजर के पद पर भर्ती 30 मार्च 2025 तक प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक जिला रोजगार कर्यालय, रीको औद्योगिक क्षेत्र सीकर में अभ्यर्थियों की भर्ती की जायेगी। उन्होंने बताया कि 29 मार्च 2025 शनिवार को तहसील दांतारामगढ व पलसाना व सीकर के 97 अभ्यर्थियों ने भर्ती परीक्षा में भाग लिया जिसमें से 45 अभ्यर्थियों का चयन किया। भर्ती अधिकारी महीपाल सिंह ने बताया कि 30 मार्च 2025 को सीकर समस्त तहसील के व समस्त राजस्थान के युवाओं के लिए भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

हिंदू नववर्ष पर की गौ माताओं की सेवा

झुंझुनूं, (निसं)। महावीर इंटरनेशनल वीरा केंद्र गोपालपुरा के द्वारा गोपाल गौशाला झुंझुनूं में गौ माताओं को गुड खिलाया एवं बाजारे के दो कट्टे भेंट किए। कार्यक्रम में संस्था चेयरपर्सन वीरा सुनिला चौधरी, अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान, जोन चेयरमैन नागरमल जांगिड़, रीजन सेक्रेटरी महेश कुमार मूंड, वीरा विजयलक्ष्मी, वीरा अंजू, वीरा रेणुका, वीरा सुनिता कटेवा, महेंद्र सिंह, वीरा मनीषा, वीरा अनिता एवं काफी संख्या में गणमान्य जल उपस्थित रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत वाहिदपुरा, पंचायत समिति मंडावा

क्रमांक :- 45 दिनांक- 27-03-2025

ई-निविदा सूचना-01/2024-25

ग्राम पंचायत वाहिदपुरा द्वारा विभिन्न विकास योजना के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य को संपादित कराने हेतु राजस्थान पंचायती राज अधिनियम 1998 के नियम 181 (2) के अन्तर्गत तथा राजस्थान लोक उपापन मे पारदर्शिता नियम 2013 के अनुसार राजस्थान पंचायतीराज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वा.अभि. विभाग, नगर निगम एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनो तक पंजीकृत सक्षम श्रेणी के सवेदको से जीएसटी अधिनयम 2017 के अन्तर्गत पंजिकृत एवं प्राधिकृत तथा अनुभवी फर्मों से दिनांक 07.04. 2025 को दोपहर 03:00 बजे तक ई-निविदाऐ कार्य की अनुमानित लागत के लिये दर अनुबन्ध करने हेतुं आमंत्रित की जाती है। निविदा की सम्पूर्ण शर्ते / विविरण eproc तथा sppp पोर्टल पर या कार्यालय में देखी जा सकती है।

BLD NO- ZJU2425WSOB01148

NIB - ZJU2425A0494

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत वाहिदपुरा
पंचायत समिति मंडवा
(झुंझुनूं)

सरपंच
ग्राम पंचायत वाहिदपुरा
पंचायत समिति मंडवा
(झुंझुनूं)